**विधान परिषद के प्रथम सत्र-2025 के द्वितीय मंगलवार के लिए निर्धारित श्री पवन कुमार सिंह, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-01 का उत्तर**

| **प्रश्न** | **उत्तर** |
|---|---|
| 01- (क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि ग्राम पंचायत- नवागाँव, विकास खण्ड- कसमण्डा, जनपद- सीतापुर निवासिनी श्रीमती परमेश्वरी पत्नी स्व0 परशुराम व श्रीमती रामपती पत्नी खुशीराम के द्वारा वृद्धावस्था पेंशन हेतु आवेदन किया गया था, रजि0 नं0 312911961341 व 312911928691 है, किन्तु अभी तक आवेदकों को लाभ नहीं मिल रहा है? | श्रीमती परमेश्वरी पत्नी स्व. परशुराम रजि. नं. 312911961341 को वित्तीय वर्ष 2024-25 में आधार बेस्ड प्रणाली के माध्यम से इनके बैंक खाते में पेंशन की धनराशि हस्तान्तरित कर दी गयी है।<br>श्रीमती रामपती पत्नी खुशीराम का आवेदन रजिस्ट्रेशन संख्या-312911928691 में आधार प्रमाणीकरण न कराये जाने के कारण आवेदन अपूर्ण है। पुनः रामपती पत्नी खुशीराम द्वारा आवेदन-पत्र रजिस्ट्रेशन संख्या 312912311471 पर आधार प्रमाणीकरण कराते हुए आवेदन पूर्ण किया गया है, जिस पर आधार बेस्ड भुगतान प्रणाली के माध्यम से पेंशन की धनराशि इनके बैंक खाते में हस्तान्तरित कर दी गयी है। |
| (ख) यदि हाँ, तो क्या आवेदकों को वृद्धावस्था पेंशन दिलायेंगे? | उपरोक्तानुसार। |
| (ग) यदि हाँ, तो कब तक? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

**असीम अरूण**
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)